आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 04.06.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- केंद्र सरकार ने घेरबाड़ योजना के लिए प्रथम किश्त के रूप में 25 करोड़ रुपये राज्य को जारी किए।
- 'मेरा युवा भारत' के तहत उत्तराखंड सहित सीमावर्ती राज्यों में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–2026' के प्रथम चरण की शुरुआत।
- और... राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे को लेकर देहरादून जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं।

**कैबिनेट मंत्री पौड़ी भ्रमण**

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के पैठाणी, पाबौ और खिर्सू क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की आधारशिला है। राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना तथा युवाओं, महिलाओं और किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनसे इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**खेत बचाओ अभियान**

केंद्र सरकार ने घेरबाड़ योजना के लिए घोषित 90 करोड़ रुपये की राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 25 करोड़ रुपये राज्य सरकार को जारी कर दिए हैं। यह जानकारी कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान दी।

श्री जोशी ने अधिकारियों को उपलब्ध बजट का शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घेरबाड़ योजना किसानों की फसलों को वन्यजीवों और आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बैठक में कृषि मंत्री ने 30 जून तक चलाए जा रहे देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के राज्य में प्रभावी और सफल क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सांसदों, मंत्रियों, विधायकों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों तक योजना और अभियान की जानकारी व्यापक रूप से पहुंच सके।

**मोदी सरकार के 12 वर्श**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सिद्धांत के अंतर्गत देश में पिछले 12 वर्ष में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस दौरान मोदी सरकार ने निर्धनों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल शुरु की हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 12 वर्ष में प्रमुख क्षेत्र में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज बात आयुर्वेद और आयुष की।

हरिद्वार जिले में वर्तमान में 28 आयुर्वेदिक चिकित्सालय आधुनिक सुविधाओं के साथ संचालित हो रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश जैन ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण आयुष और आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। लाभार्थी टीना बताती हैं कि पैरों में लगातार दर्द रहने के कारण उन्हें चलने–फिरने में काफी परेशानी होती थी। उन्होंने हरिद्वार आयुर्वेदिक चिकित्सालय में उपचार कराया, जिसके बाद उनकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम**

युवा मामले और खेल मंत्रालय के युवा मामलों के विभाग ने 'मेरा युवा भारत' के माध्यम से 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–2026' के प्रथम चरण का शुभारंभ किया है। यह एक अग्रणी युवा–नेतृत्व वाली पहल है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर जनभागीदारी को सुदृढ़ करना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना तथा देश के सीमावर्ती गांवों में सतत विकास को प्रोत्साहित करना है।

इसके लिए देशभर से 500 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन स्वयंसेवकों को उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के चिन्हित सीमावर्ती गांवों में दो चरणों में तैनात किया जा रहा है।

कार्यक्रम के पहले चरण में 250 स्वयंसेवक 43 गांवों में गहन गतिविधियों में भाग ले रहे हैं, जबकि शेष 250 स्वयंसेवक इस महीने के अंत में 50 गांवों में द्वितीय चरण की गतिविधियों में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम युवा नागरिकों को सीमावर्ती गांवों में रहने और स्थानीय समुदायों के साथ सीधे जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। गांववासियों, पंचायती राज संस्थाओं, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों के साथ परस्पर बातचीत के माध्यम से, प्रतिभागी देश के सीमावर्ती क्षेत्रों की सामाजिक–आर्थिक वास्तविकताओं, सांस्कृतिक विरासत, विकासात्मक आकांक्षाओं और रणनीतिक महत्व से प्रत्यक्ष रूप से परिचित होंगे। सात दिवसीय गहन

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सीमा जागरूकता, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सामुदायिक जीवन, शासन, सामाजिक–आर्थिक मूल्यांकन, ग्राम विकास योजना, स्वयंसेवा और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयगत क्षेत्रों के इर्द–गिर्द संरचित किया गया है। स्वयंसेवक घरेलू सर्वेक्षण करेंगे, ग्राम सभा की गतिविधियों में भाग लेंगे, स्वच्छता और पर्यावरण अभियानों में योगदान देंगे और गांवों में विकास के अवसरों की पहचान करने में सहायता करेंगे।

**राष्ट्रपति का दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे को लेकर देहरादून जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 12 जून को देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन पहुंचेंगी तथा 13 जून को भारतीय सैन्य अकादमी–आईएमए में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सुरक्षा, यातायात, आवास तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को त्रुटिरहित और चाक–चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए।

**पुनर्विकास परियोजना**

देहरादून में आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना को अब नई गति मिलने जा रही है। राजधानी की प्रमुख शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं में शामिल इस महत्वाकांक्षी योजना के लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए एमडीडीए ने रणनीति तैयार कर ली है।

एमडीडीए सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को इस माह के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट किया कि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुखिर्यों पर....**

दिल्ली में कल हुए अग्निकांड को सभी समाचार पत्रों ने पहले पेज पर स–चित्र प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है– दिल्ली में अवैध होटल में भीषण आग, 11 विदेशी नागरिक समेत 21 की मौत।

आईआईटी रूड़की से हजारों छात्रों का डेटा सार्वजनिक होने पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है– पहले भी लीक हो चुका 30 हजार छात्रों का डाटा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे पर अमर उजाला लिखता है– अल्मोड़ा में राहुल गांधी आज करेंगे चुनावी शंखनाद

उत्तराखंड में इबोला वायरस को लेकर अलर्ट– इस समाचार को हिन्दुस्तान ने पहले पेज पर प्रकाशित किया है।